दैनिक जागरण 19/11/2025

# गीता का ज्ञान जीवन का पथ प्रदर्शन : डा. रोहित

अंबाला विज्ञप्ति : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी के संस्कृत विभाग ने हिंदी एवं अंग्रेज़ी विभाग के सहयोग से गीता जयंती के उपलक्ष्य में क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया।

प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना, अध्ययन में रुचि, तार्किक सोच तथा टीमवर्क को प्रोत्साहन मिला। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि गीता का ज्ञान सदैव जीवन में मार्गदर्शन प्रदान करता है। प्रियंका बल्दिया ने गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मधुर उच्चारण के साथ भोजन से पूर्व उच्चारित किया जाने वाला प्रेरणादायी श्लोक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डा. रितु गुप्ता, डा. अनीश, डा. अमित, इस्कान स्वयंसेवक चिराग सिंगल और अनुराग रौत ने मुख्य वक्ता के रूप में भूमिका निभाई।